ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 26]
Total No. of Questions : 26]

[ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 4
[Total No. of Printed Pages : 4

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 118-H (NS)
Code No. : 118-H (NS)

ಡಿ.ಇಡಿ. ಪ್ರಥಮ ವರ್ಷ

D.Ed. FIRST YEAR

ಕಲಿಕೆಯನ್ನು ಅನುಕೂಲಿಸುವುದು (ಕಿ.ಪ್ರಾ.ಶಾ.) — ಪರಿಸರ ಅಧ್ಯಯನ

FACILITATING LEARNING (LPS) — ENVIRONMENTAL STUDIES

(ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ)
(Hindi Version)

(ಹೊಸ ಪಠ್ಯವಸ್ತು)
(New Syllabus)

ದಿನಾಂಕ : 08. 01. 2020]
Date : 08. 01. 2020]

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10.00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1.00 ರವರೆಗೆ]
Time : 10.00 A.M. to 1.00 P.M.]

[ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 60
[Max. Marks : 60

ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ
Register Number of the Candidate | |

भाग - I

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं । सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : 10 × 1 = 10

1. कम उम्र वाले विद्यार्थी उपयुक्त अधिगम पद्धति में खेलने के जरिये सीखने में दिलचस्पी लेते हैं जो ह

   (A) कली-नली (B) नली-कली

   (C) क्रिया द्वारा अधिगम (D) प्रयोगशाला अधिगम ।

2. शब्द 'Environner' की व्युत्पत्ति .... भाषा से हुई है ।

   (A) अंग्रेजी (B) ग्रीक

   (C) फ्रांसीसी (D) अरबी ।

3. वह स्थान जहाँ किसी भी प्राणी को अपने पनपने तथा फलने-फ्लने की दशाएँ मिलती हैं, कहलाता है

(A) नदी (B) जंगल

(C) मरुस्थल (D) आवास ।

4. पर्यावरण अध्ययन के अधिगम शिक्षण का उद्देश्य है

(A) वास्तविक दुनिया के जीवन से बच्चों का उद्भासित करना

(B) वातावरण से संबंधित पर्यावरण अध्ययन की समस्याओं तथा चिंतनों के बारे में प्रत्यय निर्माण में उनका समर्थ बनाना

(C) पर्यावरणीय समस्याओं को समझने में उनका मदद करना

(D) इनमें से सभी ।

5. विद्यालयी बगीचा की देखरेख द्वारा विद्यार्थियों में जिन मूल्यों को विकसित किया जा सकता है, वह है

(A) कार्य का वितरण (B) व्यवसाय

(C) श्रम की मर्यादा (D) वस्तुओं का संग्रहण ।

6. समाचार पत्र के लेखों से प्राप्त सूचना का प्रयोग द्वारा पर्यावरण अध्ययन का संचालन की पद्धति है

(A) चर्चा पद्धति (B) खेल मार्ग पद्धति

(C) कहानी पद्धति (D) निर्देशन पद्धति ।

7. वर्तमान राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाँचा का निर्माण हुआ था वर्ष

(A) 2005 में (B) 2010 में

(C) 2000 में (D) 2003 में ।

8. बच्चों के लिए शीर्षक 'मृदा' के शिक्षण के दौरान प्रयुक्त किये जा सकने वाले शिक्षक द्वारा व्यवहृत सबसे प्रभावी साधन है

(A) मृदा पर विडियो (B) प्राकृतिक मृदा

(C) मृदा पर समाचार लेख (D) मृदा संबंधित चित्र ।

9. एक दृश्य-श्रव्य साधन जिसमें किसी भी समय प्रोग्राम को रोकने तथा पुनरावलोकन की संभावना है, है

(A) सीधा दूरदर्शन प्रोग्राम (B) ओवरहड प्रक्षेपक

(C) विडियो क्लिपिंग (D) रेडियो प्रोग्राम ।

10. जैविक साधन का उदाहरण है

(A) कोयला (B) हीरा

(C) लौह अयस्क (D) जल ।

भाग - II

निम्न में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये, प्रत्येक उत्तर **आधा** पृष्ठ से अधिक न हो : $5 \times 2 = 10$

11. प्रारंभिक बचपन के विकास के किन्हीं दो अनुक्षेत्रों को संक्षेप में लिखें ।
12. जीवों के लिए आवास का क्या महत्व है ?
13. पर्यावरण में शाकाहारियों की संख्या बढ़ने पर पृथ्वी पर होनेवाले दो प्रभावों का उल्लेख करें ।
14. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के प्रवर्तन के दो कारण दीजिए ।
15. शीर्षक 'नगरीय समुदाय' के प्रयोग से संबंधित दो विशिष्ट योग्यताएँ लिखिए ।
16. बच्चों के प्रभावी शिक्षण हेतु कक्षाकक्ष में आप मॉडलों का प्रयोग कैसे करेंगे ? सही उदाहरणों द्वारा उल्लेख करें ।
17. सामाजिक तथा सांस्कृतिक संदभ में जल के प्रयोग की दो स्थितियों का उल्लेख करें ।
18. भ्रमण हेतु लोगों द्वारा गाड़ी के बदले दो पहियों का प्रयोग के लाभों को स्पष्ट करें ।

भाग - III

निम्न प्रत्येक प्रश्न में **एक** विकल्प दिया गया है । उनमें से (a) अथवा (b) का उत्तर एक पृष्ठ से अधिक न होते हुए दीजिये : $8 \times 5 = 40$

19. (a) पर्यावरण पर भौतिक घटका सहित जैविक घटकों की अन्योन्याश्रयता की व्याख्या उपयुक्त उदाहरणों से करें ।

अथवा

(b) बच्चों के सार्विक विकास में पर्यावरण का महत्व स्पष्ट करें ।

20. (a) NCF-2005 पर आधारित NCERT पाठ्यक्रम में 3री से 5वीं कक्षा हेतु पर्यावरण अध्ययन में अधिगम उद्देश्यों को संक्षेप में स्पष्ट करें ।

अथवा

(b) पर्यावरण अध्ययन शिक्षण के दौरान शिक्षकों के सम्मुख क्या चुनौतियाँ हैं ? वर्णन करें ।

21. (a) NCF-2005 तथा पर्यावरण अध्ययन के पाँच मार्गदर्शक सिद्धान्तों का उल्लेख करें । किन्हीं दो का महत्व लिखें ।

अथवा

(b) अंतर्वस्तु के तथ्यपरक संघटक के किन्हीं पाँच लाभों की सूची बनाइए तथा उनका महत्व स्पष्ट करें ।

22. (a) 'पर्यावरण से सीखन-सिखाने के प्रचुर अवसर हैं ।' कथन का मूल्यांकन करें ।

अथवा

(b) 'पर्यावरण अध्ययन की अधिगम प्रक्रिया में सतत तथा व्यापक मूल्यांकन का प्रयोग उत्तम है ।' कथन की जाँच करें ।

23. (a) पर्यावरण के बारे में तथा पर्यावरण के लिए विद्यालय स्तर पर कौन-कौन से क्रियाकलापों का संगठन आप करेंगे ?

अथवा

(b) पर्यावरण अध्ययन में आपके पसंद का कोई भी शीर्षक का चुनाव करें । 5E मॉडल निर्देशन के प्रत्येक सोपान हेतु उपयुक्त क्रिया कलापों के साथ एक पाठ योजना बनाइए ।

24. (a) पर्यावरण अध्ययन में आनुभविक अधिगम हेतु पर्याप्त अवसर हैं । विस्तार से लिखें ।

अथवा

(b) 'पर्यावरण अध्ययन के अध्ययन में अंतर्निहित मूल्यों का बच्चों के बीच में अंतर्वेशन बहुत महत्वपूर्ण है ।' विश्लेषण करें ।

25. (a) पाँच रणनीतियों के अभिकल्प में पर्यावरण अध्ययन म सुविधा पहुँचाने हेतु आपके परिसर में पर्यावरणीय क्रियाकलापों का प्रयोग एक प्राथमिक शिक्षक के रूप में आप कैसे करेंगे ?

अथवा

(b) पाँच मार्गों के उल्लेख करते हुए पर्यावरण अध्ययन को सुविधा पहुँचाने हेतु एक प्राथमिक विद्यालय शिक्षक के रूप में दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग आप कैसे करेंगे ?

26. (a) पर्यावरणीय अवधारणा के शिक्षण में प्रकृति को एक साधन के रूप में कैसे प्रयुक्त करेंगे ? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें ।

अथवा

(b) पर्यावरणीय अवधारणा को सिखाने में पर्यावरण कोना का प्रयोग आप कैसे करेंगे ?